## सार-समाचार

### धार्मिक अनुष्ठान के साथ मेला शुरू



**कपासन**, (निसं)। मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनि महाराज आली में बैसाखी अमावस्या का तीन दिवसीय वार्षिक मेला शनिवार को शुरू हो गया। मेले का आगाज धार्मिक अनुष्ठानों और मंदिर पर ध्वजारोहण के साथ हुआ। देश ओर दुनियां में खुशहाली की कामना में भी आहुतियां दी गई।सुबह 8 बजे मंदिर परिसर में यज्ञ-हवन के साथ धार्मिक कार्यक्रम शुरू हुए। तीर्थ स्थल प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह, शंकर जाट, गणेश जाट, मगनी राम जाट, रामेश्वर सुथार,रूपलाल गाडरी, कालू क़ीर, पुजारी देवगिरी प्रशांत गिरी सहित नरेंद्र विजयवर्गीय, नारायण सिंह सहित सदस्यों ने यज्ञ में भाग लेकर आहुतियां दी। पंडित प्रकाश दाधीच के नेतृत्व में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके बाद मुख्य मंदिर और नवठाह मंदिर पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ पुष्प वर्षा के साथ नई ध्वजा चढ़ाई गई।मेला ग्राउंड में 200 से अधिक अस्थाई दुकानें और स्टॉल लगाए गए हैं। जिसमें शृंगार की दुकानें अधिक हैं। कमेटी ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छाया, पानी और चिकित्सा की व्यवस्था की है। सुरक्षा के लिए पुलिस जाप्ता और कमेटी के सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं। 32 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही मेले में मेलार्थियों की चहल पहल शुरू हो गई है।

### रक्तदान शिविर आज

**उदयपुर**, (कासं)। भीण्डर मित्र मण्डल, उदयपुर द्वारा रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन वासुपूज्य जिनदत्त सूरी धर्मशाला पर प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक किया जा रहा है। अध्यक्ष लोकेन्द्रसिंह चावड़ा ने बताया कि वर्तमान में हॉस्पिटल में ब्लड की कमी को देखते हुए भींडर मित्र मंडल,उदयपुर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सचिव आशीष सिंघवी ने बताया अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जागरूक कर रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# हाथों-हाथ चालू हो गई बंद पड़ी बिजली सप्लाई

**राजसमंद**, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा रात्रि चौपालों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का प्रभावी समाधान किया जा रहा हैं। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा की मौजूदगी में शुक्रवार रात्रि आमेट उपखंड के ग्राम पंचायत घोसुंडी में आयोजित रात्रि चौपाल भी एक नहीं, कई लोगों के लिए राहत लेकर आई। इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, सीईओ बृजमोहन बैरवा, आमेट उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, ग्राम स्तरीय अधिकारी-कार्मिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

रात्रि चौपाल के बाद कलक्टर ने ग्राम पंचायत कार्यालय में ही रात्रि विश्राम किया और सुबह जिला मुख्यालय के लिए प्रस्थान किया। उपखंड अधिकारी ने बताया कि रात्रि चौपाल में प्रेमसिंह और सुरेश कंवर सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन नहीं होने की शिकायत लेकर उपस्थित हुए जिस पर विकास अधिकारी की आईडी से पेंशन सत्यापन मौके पर ही कर राहत दी गई। नारूदेवी भील ने जन आधार में डुप्लिकेट नाम को हटवाने के लिए शिकायत दी और मौके पर ही जन आधार में नाम हटवा दिया गया। ऐसे ही मांगीबाई वार्ड पंच ने मानदेय प्राप्त नहीं होने की शिकायत दी जिस पर मौके पर ही लंबित 2० हजार रुपए का मानदेय भुगतान कर दिया गया। लक्ष्मणसिंह ने पिता और माता की मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने की शिकायत दी इस पर मौके पर ही जांच कर मृत्यु प्रमाण पत्र सौंप दिया गया। ऐसे ही पूजा ने जॉब कार्ड गुम हो जाने से नरेगा में आ रही परेशानी की शिकायत दी जिस पर मौके पर ही जॉब कार्ड देकर राहत दी गई। मांगीबाई ने नाले की सफाई न होने की शिकायत दी जिस पर सुबह ही नाले की सफाई करवा दी गई। नारूदेवी भील ने घर का मीटर खराब होने से बिजली सप्लाई में समस्या बताई जिस पर सुबह ही मीटर चेंज कर सप्लाई चालू हो गई। इसी तरह अनेकों ग्रामीणों को उनकी महीनों और वर्षों पुरानी समस्याओं से राहत मिल गई। लोगों ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रात्रि चौपाल से उन्हें राहत मिली है और समाधान सुनिश्चित हुआ हैं। इधर जिला कलक्टर के निर्देशन में विभागों द्वारा अलग-अलग योजनाओं का प्रस्तुतीकरण भी दिया गया, जिससे लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त हुई। इसमें योजनाओं का नाम, आवेदन की प्रक्रिया, लाभ आदि की जानकारी दी गई। कलक्टर ने कहा कि और भी कोई समस्या हो तो ग्रामीण कलेक्ट्रेट में आकर संपर्क कर सकते हैं। कलक्टर ने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें और त्वरित समाधान कर राहत दें।



राजसमंद के ग्राम पंचायत घोसुंडी में आयोजित रात्रि चौपाल में समस्याओं से राहत प्रदान करते जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा।

# पहलगांव हमले को लेकर मशाल जुलूस निकाला

**राजसमंद**, (निसं)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में धर्म पूछ कर मारे गए पर्यटकों को लेकर देशभर में आक्रोश हैं। जिले में भी सर्व हिन्दू समाज के बैनर तले मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस मुखर्जी चौराहा, छतरियां, जेके मोड, मैन चौपाटी, बस स्टैण्ड, भगवानदास मार्केट, जलचक्की, सुभाषनगर, किशोरनगर, मंडा, कलालवाटी, गणेश चौक, सदर बाजार होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय सर्कल राजनगर पहुंची। जहां सब्जी मंडी के बहार मुस्लिम आतंकवादी का पुतला फूंक कर हमले में शहीद हुए पर्यटकों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

सर्व हिन्दू समाज ने रोष प्रकट करते हुए आतंकियों के खिलाफ कडी कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि हम भारत के जागरूक नागरिक अत्यंत वेदना, क्रोध और राष्ट्रीय स्वाभिमान के साथ प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज रहे हैं। पहलगाम की पवित्र धरती पर जो अमानवीय, बर्बर और योजनाबद्ध नरसंहार किया गया हैं, उसने सम्पूर्ण भारत को झकझोर दिया हैं। धर्म पूछकर, कपडे उतरवाकर, जबरन कलमा पढवाकर और फिर पॉइंट जीरो से हिन्दू नागरिकों को गोली मार देना। यह केवल एक आतंकी घटना नहीं, यह सुनियोजित धार्मिक नरसंहार हैं। इस अमानवीय कृत्य को अंजाम देने वाले पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित और भेजे गए जिहादी मुस्लिम आतंकवादी थे। यह हमला केवल पहलगाम या कश्मीर पर नहीं हुआ, यह भारत की आत्मा पर हमला हैं। अब समय आ गया हैं कि भारत भी अमेरिका और इजराइल की तरह निर्णायक कार्यवाही करें। हथियार, परेड और शस्त्र दिखावे के लिए नहीं होते हम निवेदन करते हैं कि अब समय आ गया हैं कि देश के करदाताओं के धन से खरीदे गए हथियारों का इस्तेमाल पाकिस्तान व आंतकवादियों को यम के द्वार पहुंचाने के लिए किया जाएं। हम केवल शांति की नहीं, सुरक्षा और सम्मान की भी उम्मीद करते हैं। अब अगर भारत चुप रहा, तो यह चुप्पी इतिहास में कमजोरी कहलाएगी। पूरा देश आपकी ओर देख रहा हैं।

## साहित्यिक रथ यात्रा संपन्न

**राजसमंद**, (निसं)। मंजिल ग्रुप साहित्यिक मंच (मगसम) नई दिल्ली जिला शाखा की ओर से नाथद्वारा में आयोजित एक दिवसीय साहित्यिक रथ यात्रा सम्मेलन एवं कलमकार सम्मान समारोह राष्ट्रीय संयोजक सुधीरसिंह सुधाकर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य आतिथ्य सुधाकर एवं गोविंद व्यास की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में साहित्य और कला के प्रति समर्पित विभूतियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने, दीप प्रज्ज्वलित करने और मंगलमय मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। जिला नीलिमा शर्मा ने मधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर सम्मेलन का आगाज किया। विशिष्ट अतिथि माधव नागदा, प्रमोद सनाढ्य, किशन कबीरा और त्रिलोकी मोहन पुरोहित थे। जिनका तिलक, माल्यार्पण, पगडी और उपरणा पहनाकर स्वागत किया गया।

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश (व.ख.)
एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-8
जयपुर महानगर प्रथम-जयपुर
शम्भू दयाल सर्राफ व अन्य **विरूद्ध** विनोद कुमार मिश्रा व अन्य
**वाद/प्रार्थना पत्र अवमानना**
**प्रार्थना-पत्र संख्या 3/2017 सन्**
नाम बनवारी लाल शर्मा पुत्र श्री किशोरी लाल शर्मा जाति शर्मा पता (1) सब रजिस्ट्रार पंजीयन एवं मुद्रांक, जयपुर शहर द्वितीय (2) तहसीलदार अम्बापुरा-307001 जिला-बांसवाड़ा (3) एस.डी.एम. एण्ड तहसील ऑफिस कचहरी रोड, अग्रवाल नगर, गंगापुर सिटी (राजस्थान) 322201
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि ........................................
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 28 माह 05 सन् 2025 को 7:30 AM पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज ता. 24 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर
**अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-08 जयपुर महानगर प्रथम, जयपुर**

## आक्रोश जताया

**उदयपुर**, (कासं)। पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए नरसंहार के विरोध में शनिवार को अश्विनी बाजार व्यापार संघ से दोपहर 12 बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद रख आक्रोश जताया। व्यापारी दंडपोल हनुमानजी के बाहर जमा हुए और एकजुटता का संदेश देते हुए देश के साथ खड़े होने का आव्हान किया। व्यापारियों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ कर नरसंहार में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान केंद्र सरकार से कड़ा रुख अपनाने की मांग की गई। व्यापार संघ के अध्यक्ष जयेश चंपावत के आव्हान पर व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रख बंद को पूर्ण रूप से सफल बनाया। बंद को उदयपुर ऑटो पार्ट्स डीलर्स एसोसिएशन ने भी अपना समर्थन दिया और एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र जैन और सचिव वीरेंद्र बापना भी व्यापारियों के साथ श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद रहे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहर भाजपा के जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद सामर, पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा और सुंदर सिंह भंडारी मंडल की अध्यक्ष रुचिका चौधरी ने अपनी बात रखी।

# अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक

**उदयपुर**, (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक होटल कजरी के सभागार में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा ने की।

बैठक संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा का स्वागत महासंघ के जिलाध्यक्ष हेमंत पालीवाल द्वारा, प्रदेश महामंत्री महावीर सिहाग का जिला महामंत्री लच्छीराम गुर्जेर द्वारा, प्रदेश मंत्री प्यारे लाल चौधरी का आईटी प्रभारी जसवंत सिंह चौहान द्वारा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दशरथ सिंह का संयुक्त महामंत्री मुकेश शर्मा द्वारा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बन्ना राम चौधरी का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नविन व्यास द्वारा, सुनिता चौधरी का कमलेश चौधरी द्वारा, कार्यालय मंत्री महेंद्र तिवारी का कोषाध्यक्ष हरीश सुथार द्वारा किया गया। तत्पश्चात शेर सिंह चौहान के पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कमलेश सेन द्वारा तथा जसवंत सिंह चौहान के आईटी यूनियन के प्रदेश संयुक्त सचिव मनोनित होने पर प्रदेश महामंत्री महावीर सिहाग का स्वागत किया गया। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश महामंत्री महावीर सिहाग ने बताया कि 27 एवं 28 अप्रैल को उदयपुर में होने वाली एनईसी की बैठक की तैयारी कि गई जिसमे बैठक में राजस्थान के समान संपूर्ण राष्ट्र में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करवाने, 1 जनवरी, 2026 से आठवां वेतन आयोग लागू करवाने, पहली बार वेतन आयोग से बाहर किए जा रहे करोडो केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग में सम्मिलित करवाने, संविदा प्रथा बंद कर नियमित नियुक्तियां करवाने, पदोन्नति विसंगति दूर करवा कर अधीनस्थ सेवाओं के कर्मचारियों को समान पदोन्नति के अवसर उपलब्ध करवाने, तृतीय श्रेणी शिक्षकों की स्थानांतरण नीति बनाकर स्थानांतरण करवाने सहित आठ सूत्री मुद्दों पर कार्य योजना तैयार की जाएगी।



फोटो-5अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन हुआ।

# रिसर्च मेथोडोलॉजी पर कार्यशाला का आयोजन

**उदयपुर**, (कासं)। आईक्यूऐसी, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट, पेसिफिक विवि के तत्वावधान में रिसर्च मेथोडोलॉजी पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को शोध के लिए प्रेरित करना एवं उच्च गुणवत्ता वाले शोध हेतु आवश्यक तकनीकों की जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यशाला में कुल सत्तावन विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उद्घाटन सत्र में डीन प्रो. दीपिन माथुर ने कहा की एक बेहतर रिसर्च के लिए रिसर्च प्रक्रिया की सही जानकारी की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा की इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने रिसर्च प्रॉजेक्ट्स को सही एवं सटीक रूप से करने में सहायता प्राप्त होगी। यह कार्यशाला अनुसंधान प्रक्रिया को सरल बनाने और शोधार्थियों को आत्मविश्वास एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ कार्य करने में भी सहायक सिद्ध होगी। कार्यशाला संयोजक डॉ पुष्पकांत शाकद्वीपी ने बताया की कार्यशाला के प्रथम दिन बी एन कॉलेज के प्रोफेसर (रि) एन के दशोरा ने शोध की रूपरेखा, परिकल्पना निर्माण, सांख्यिकीय विश्लेषण के विभिन्न उपयोगों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। कार्यशाला के दूसरे दिन, लेखांकन एवं व्यावसायिक सांख्यिकी, मोहनलाल सुखाड़िया विवि की डॉ शिल्पा लोढ़ा ने पैरामेट्रिक एवं नॉन पैरामेट्रिक टेस्ट्स पर चर्चा की। अंतिम दिन डॉ पुष्पकांत शाकद्वीपी द्वारा शोध रिपोर्ट लेखन की संरचना के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। सत्र में रिव्यू ऑफ लिटरेचर, डेटा प्रेजेंटेशन, परिणामों एवं निष्कर्षों के प्रस्तुतीकरण के बारे में जानकारी दी । कार्यशाला में प्रायोगिक अभ्यास एवं समूह चर्चाओं के माध्यम से विद्यार्थियों की सहभागिता को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रय के समापन दिवस पर विवि की आई.क्यू.ए.सी. डायरेक्टर डॉ पल्लवी मेहता ने विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षकों को धन्यवाद प्रेषित किया।

**RAJASTHAN COLLEGE OF AGRICULTURE**
**MAHARANA PRATAP UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY**
GURU GOVIND SINGH MARG, UDAIPUR 313001
Tel. 0294 2418976, 2417835 (O), Em:deanrcaudr@yahoo.com
No.RCA/Actts/2025/NIB-8 Dated: 25.04.2025
**NIT No.: RCA/NIT/2025-26/NIB-8**
Sealed offline bids are invited up to **12.15 PM of 05.05.2025** in respect of the following tenders/bids: (i) Bid No.RCA/NIT/2025-2026/.NIB-8. **"Supply of Feed Ingredient for cows at Live Stock Farm" (Approx. Rs. 9,00,000/-).** Details may be seen in the Bidding Document at our office or on our websites www.mpuat.ac.in or the website of State Public Procurement Portal website www.sppp.rajasthan.gov.in may be obtained or downloaded on payment of Rs. 500/- in demand draft/online.
**DEAN, RCA**

# हर व्यक्ति देश के बारे में सोचे : चेतना भाटी

**उदयपुर**, (कासं)। पुलिस उप अधीक्षक चेतना भाटी ने कहा कि श्री एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन की ओर से समाज सेवा के जो कार्य किए जा रहे हैं उसके लिए संगठन की सराहना होनी चाहिए। खास तौर से जल सेवा के लिए महिला थाना में लगाए गए वाटर कूलर व आरओ प्लांट से यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को शुद्द जल मिल सकेगा।

शनिवार कोउदियापोल स्थित महिला थाने में वाटर कूलर व आरओ प्लांट के शुभारंभ पर डिप्टी चेतना भाटी ने कहा कि जल सेवा को महान सेवा है और यह सेवा गर्मी के मौसम में हो तो और ज्यादा महत्व रहता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ही होते हैं जो दूसरो के लिए जीते हैं। सब लोग मिलकर काम करें। वर्तमान हालात सबके सामने है और इसमें सभी देश को अपना समझे।

- **महिला थाना में वाटर कूलर व आरओ प्लांट का शुभारंभ**

अपराधों को रोकने में समाज की बडी भूमिका है। समाज व पुलिस साथ मिलते हैं तो अपराधियों के हौंसले पस्त होते हैं। महिला थाना प्रभारी सुशीला खोइवाल ने संगठन के संस्थापक आकाश बागडी का आभार जताया। संगठन के संरक्षक विनोद पांडे ने संगठन द्वारा 17 मई को किए जा रहे सामूहिक विवाह के संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ता रिया जैन, रोमा जैन, नेत्रांजलि मेनारिया व अश्विना पंवार का भी उपरना ओढा का अभिनंदन किया।

# श्री श्याम महोत्सव 8 से 10 मई तक, प्रचार के लिए रथ रवाना

**उदयपुर**, (कासं)। श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट की ओर से 8 से 10 मई तक आयोजित होने वाले 9वें भव्य श्री श्याम महोत्सव के प्रचार के लिए निकले श्री श्याम रथ को शनिवार सुबह सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने बोहरा गणेशजी मंदिर से बाबा श्याम का निशान झंडा दिखाकर रवाना किया।

श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट के सुनील बंसल और शुभम अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए श्री श्याम रथ विशेष रुप से तैयार किया है। इस रथ पर श्याम भजनों के साथ कार्यक्रम का प्रचार किया जा रहा है। यह रथ शहरी क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में भी जाएगा। शनिवार सुबह 10 बजे श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट के कई कार्यकर्ताओं के साथ सांसद मन्नालाल रावत ने सर्वप्रथम बोहरा

- **सांसद मन्नालाल रावत ने श्याम रथ को बाबा श्याम का निशान झंडा दिखाकर रवाना किया**

गणेशजी मंदिर में पूजा अर्चना कर तीन दिवसीय कार्यक्रम की सफलता की कामना की। इसके बाद मंदिर के बाहर रंगोली पर कंकू से स्वास्तिक बनाकर व लच्छा बांधकर पूजा की। सांसद श्री रावत ने शुभकामनाओं के साथ बाबा श्याम का निशान झंडा दिखाकर रथ को प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मित्र मण्डल जो प्रयास कर रहा है वह बहुत सराहनीय है। आज के माहौल में धार्मिक विचार और उनकी अनुपालना करना बहुत जरुरी हो गया है, क्योंकि जिस प्रकार से आसूरी शक्तियां अपना प्रभाव दिखा रही हैं उससे मुकाबला करना इसी से संभव है। भजन गायक नंदू महाराज श्याम महोत्सव के मुख्य आकर्षण होंगे।

इनके अलावा गुरुग्राम से नरेश सैनी व नजफगढ से बंटू भैया जैसे बडे कलाकारों के साथ ही दिल्ली से महावीर अग्रवाल वासु व मयूर रस्तोगी भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। महोत्सव का आयोजन फतह स्कूल मैदान में होगा। 8 मई को श्री श्याम महोत्सव का शुभारंभ निशान यात्रा से होगा। इस यात्रा में करीब 1100 श्याम प्रेमी शामिल होंगे। फतह स्कूल मैदान से शाम 6 बजे यह निशान यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरेगी। निशान यात्रा के साथ उदयपुर में पहली बार बाबा खाटू श्याम का नगर भ्रमण भी होगा। महोत्सव के दूसरे दिन 9 मई को मेहंदी की रस्म होगी जिसमें महिलाएं बाबा के नाम की मेहंदी लगाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत डाकन कोटड़ा, पंचायत समिति गिर्वा, उदयपुर ( राज. )**
क्रमांकः-14 दिनांक-23.04.2025
**-:ई निविदा सूचना -/2025-26:-**
ग्राम पंचायत डाकन कोटडा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 5/5/2025 सायं 4.00 बजे तक आंमत्रित की जाती है।
विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। जिसका UBN No-ZUD2526GLRC00108 है।
**प्रशासक** ग्राम पंचायत डाकन कोटड़ा पंचायत समिति गिर्वा,उदयपुर
**ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत डाकन कोटड़ा पंचायत समिति गिर्वा,उदयपुर

# 'संस्कार व मूल्यों से ही समाज में सशक्त भूमिका निभा सकता है व्यक्ति'

**उदयपुर**, (कासं)। सीमित परिवारवाद के संस्कारों में पले-बढे व्यक्ति का समाज में महत्वपूर्ण स्थान होता है। व्यक्ति के भीतर यदि सही समझ विकसित हो जाए तो समाज में सहयोग, श्रद्धा और समर्पण की पूर्ण हार्मोनी स्थापित की जा सकती है। इसी आधार पर जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के प्रबंध अध्ययन संकाय में एआईसीटीई स्वीकृत 'सार्वभौमिक मानवीय मूल्य आधारित शिक्षा' विषयक संकाय विकास कार्यक्रम के तृतीय दिवस के विभिन्न सत्रों का समापन हुआ।

समारोह में मुख्य वक्ता जलपुरुष के नाम से विख्यात पर्यावरणविद् राजेन्द्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थी के गुणों को निखारने का सशक्त मार्ग शिक्षक होता है। उन्होंने कहा कि मानवीय मूल्यों को पुनः स्थापित करना तथा भारतीय विद्या को यथार्थ रूप में जीवित करना आज की शिक्षा का अनिवार्य उद्देश्य होना चाहिए। कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सुबह का आकलन यानी दिन की शुरुआत आत्मविश्लेषण और गंभीरता के साथ करना आवश्यक है। स्नेह, श्रद्धा और विश्वास परस्पर संबंधों की रीढ हैं और शिक्षक का कर्तव्य है कि वह ज्ञान की प्रकृति को पहचानते हुए निरंतर सीखने की भावना को बनाए रखे। उन्होंने कहा कि ज्ञान की चेतना का विस्तार ही शिक्षक की वास्तविक जिम्मेदारी है और ऐसे अवसर उसके लिए सीखने का सशक्त माध्यम बनते हैं।एआईसीटीई की ओर से आरआईइटी जयपुर से प्रशिक्षक के रूप में डॉ. बीके शर्मा ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से कहा कि आज की दुनिया में असंतुलन, संसाधनों की भरमार के बावजूद उनका सदुपयोग न हो पाना एक गंभीर विषय है।



'सार्वभौमिक मानवीय मूल्य आधारित शिक्षा' विषयक संकाय विकास कार्यक्रम को प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने संबोधित किया।

# 'इंडस्ट्रियल फेयर ने खोली व्यवसायों की नई राहें'

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर के उद्योग जगत ने अब पारंपरिक पर्यटन और हैंडीक्राफ्ट से आगे बढकर तकनीकी व विविध व्यवसायों में भी अपनी पहचान बनानी शुरू कर दी है। इस पहचान को हमें निरंतर नए आयाम और नई ऊंचाइयां प्रदान करनी हैं।

यह विचार उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने लघु उद्योग भारती उदयपुर के 32वें स्थापना दिवस पर प्रताप गौरव केंद्र में आयोजित समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ग्यारहवें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर ने साबित कर दिया कि उदयपुर अंचल में व्यवसायों की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें पहचान कर आगे बढाना हम सभी का दायित्व है। सांसद ने इंडस्ट्रियल फेयर को उद्योगों के लिए शुभ संकेत बताते हुए कहा कि इससे उदयपुर की औद्योगिक छवि को तकनीकी क्षेत्र में नई पहचान मिली है।अध्यक्षता लघु उद्योग भारती प्रदेश महामंत्री योगेंद्र शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष रीना राठौड एवं प्रांत उपाध्यक्ष राकेश वर्डिया रहे। उदयपुर अध्यक्ष मनोज जोशी ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि लघु उद्योग भारती आज उदयपुर के लघु उद्यमियों का सबसे बडा संगठन बन चुका है। वर्तमान में संगठन के साथ 600 पंजीकृत सदस्य तथा 155 महिला उद्यमी जुडी हुई हैं। हाल ही में संपन्न सदस्यता अभियान के अंतर्गत कुल 130 नए सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर संगठन की ओर से एक नई महिला इकाई लोकमाता अहिल्याबाई के नाम पर गठित की गई। इस नवीन इकाई में 47 नवोदित महिला उद्यमियों ने सदस्यता ली है। इकाई का नेतृत्व अध्यक्ष के रूप में डॉ. ऋषिका पानेरी, सचिव के रूप में आरुषि गोयल एवं कोषाध्यक्ष के रूप में मोनिका कोठारी को सौंपा गया। मनोज जोशी ने कहा कि यह इकाई उदयपुर में मातृशक्ति के हुनर को नई पहचान और ऊंचाई देगी। स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ उद्यमियों का अभिनंदन भी किया गया। प्रथम अध्यक्ष राकेश वर्डिया एवं महिला इकाई की प्रथम अध्यक्ष रीना राठौड का शॉल, श्रीफल एवं महाराणा प्रताप के प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया।

**कार्यालय नगर पालिका भीण्डर, जिला उदयपुर( राज. )**
दूरभाष संख्या : 02957-250206, ई-मेल : palikabhinder@gmail.com
क्रमांक : न.पा.भी./भूमि/2025-2/127 दिनांक : 25.04.2025
**-: आपत्ति सूचना :-**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका भीण्डर में निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा / पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण / नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण / नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस (कार्य दिवस) में पालिका कार्यालय कार्यालय में लिखित रूप से मय दस्तावेज प्रस्तुत कर देवें। आपत्ति समयावधि के बाद प्रस्तुत करने पर मान्य नहीं होगी तथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | आवेदित भूखण्ड का माप | पड़ौस |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री पंकज ताजावत पिता शान्तिलाल जी ताजावत निवासी भीण्डर | साठडिया बाजार भीण्डर | 262.43 वर्गफीट | पूर्व : श्री लच्छीराम लखारा का मकान<br>पश्चिम : आम रास्ता<br>उत्तर : रोशनलाल जी कंठालिया की दुकान<br>दक्षिण : सामलाती दिवाल एवं लच्छीराम लखारा की दुकान |
| 2. | श्री ओमप्रकाश सोनी पिता स्व. श्री राधेश्याम जी सोनी निवासी भीण्डर | सदर बाजार वार्ड नं. 18 भीण्डर | 324.23 वर्गफीट | पूर्व : श्री अनिल नागौरी का मकान<br>पश्चिम : आम रास्ता<br>उत्तर : श्री जगदीश व मुकेश सोनी की दुकान<br>दक्षिण : श्री मनीष व दीपक सोनी की दुकान |

**अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, भीण्डर**